तारांकित प्रश्न क्र. 1166 प्रपत्र "क" का परिशिष्ट "अ" 50 01702

प्रश्नकर्ता :- श्री दिलीप सिंह परिहार

[11/7/2023]

अनुकंपा नियुक्ति प्रकरण

प्रश्न सं. [क. 1166]

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें

मध्यप्रदेश

क्रमांक/2/अवि./सेल–5/2021/1377-Y भोपाल, दिनांक 22-11-2021

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला भोपाल (म.प्र.)।

7338
29/11/21

विषय:–श्री भूपेन्द्र सिह परियार, अकुशल स्थाईकर्मी के शासकीय सेवा में रहते हुये निधन होने के फलस्वरूप अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में।

संदर्भ:–आपका पत्र क्रमांक स्था./अनुकम्पा/नियु./2021/11280 दिनांक 26.7.2021,क्रमांक 1200,दिनांक 06.8.2021 ।

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा श्री भूपेन्द्र सिंह परियार, अकुशल स्थाईकर्मी, जयप्रकाश चिकित्सालय भोपाल के शासकीय सेवा में रहते हुये कोविड–19 से संक्रमित होने के कारण दिनांक 06.05.2021 को निधन होने के फलस्वरूप उनकी आश्रित पुत्री कुमारी कंचन परियार जिसकी शैक्षणिक अर्हता हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण होने के कारण स्थाई कर्मी के रूप में अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने के संबंध में मार्गदर्शन चाहा गया है।

उपरोक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी–3–12/2013/1/3, भोपाल, दिनांक 28 मई,2021 द्वारा मुख्य मंत्री कोविड–19 अनुकंपा नियुक्ति योजना अंतर्गत कंडिका–3 की कंडिका 3.1 एंव कंडिका 6 में प्रावधान अनुसार दिवंगत शासकीय सेवक की पुत्री कुमारी कंचन परियार को स्थाई कर्मी अथवा नियमित पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाये, के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से अभिमत प्राप्त किया गया।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ''कोविड–19 अनुकंपा नियुक्ति योजना'' दिनांक 28.5.2021 की कंडिका–6 अनुसार आवेदिका को आउटसोर्स पर अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकती है, अभिमत प्राप्त हुआ है।

Urgent

अतः सामान्य प्रशासन विभाग से प्राप्त अभिमत अनुसार आवेदिका को नियमानुसार अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य आयुक्त सह सचिव,लोक स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण द्वारा अनुमोदित.

CMHO 26/11/21

18.11.21

अपर संचालक, (अविज्ञप्त)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें
मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक/2/अवि./सेल–5/2021/ भोपाल,दिनांक

प्रतिलिपि:–

1. कुमारी कंचन परियार पुत्री स्वर्गीय श्री भूपेन्द्र सिंह परियार, जयप्रकाश अस्पताल परिसर, तुलसी नगर भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

तारांकित प्रश्न क्र. 1166 के प्रश्नांश "क" का परिशिष्ट 'अ'
प्रश्नकर्ता :- श्री दिलीप सिंह परिहार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला–भोपाल

(ईमेल आई.डी.- **cmhobho@nic.in,**)

क्र./स्था./अनुकम्पा/2021/ भोपाल दिनांक 6/12/2021

//आदेश//

संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल का पत्र क्र.2/अवि/सेल–5/2021/1377–y भोपाल दिनांक 22.11.2021 के परिपालन में स्व. भूपेन्द्र सिंह परियार, जो कि जय प्रकाश चिकित्सालय में अकुशल स्थाईकर्मी के पद पर संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र भोपाल का आदेश क्रमांक 2/अवि./सेल–दै.वे.भो./2018/1033–पी भोपाल दिनांक 04.10.2018 के द्वारा दिनांक 06.10.2018 से दिनांक 06.05.2021 तक कार्यरत थे संबंधित की शासकीय सेवा में रहते हुए आकस्मिक कोविड–19 संक्रमित होने के कारण दिनांक 06.05.2021 को निधन होने के फलस्वरूप उनकी आश्रित पुत्री कुमारी कंचन परियार, जिसकी शैक्षणिक योग्यता हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उर्त्तीण होने के कारण म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी–3–12/2013/1/3 भोपाल दिनांक 28 मई 2021 द्वारा मुख्यमंत्री **"कोविड–19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना"** अंतर्गत कंडिका –3 की कंडिका 3.1 एवं कंडिका 6 में प्रावधान अनुसार दिवंगत शासकीय सेवक की पुत्र कुमारी कंचन परियार को स्थाईकर्मी अथवा नियमित पद पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाये, के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से अभिमत प्राप्त किया गया।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा " कोविड–19 अनुकम्पा नियुक्ति योजना" दिनांक 25 मई 2021 की कंडिका–6 अनुसार कुमारी कंचन परियार, को आऊटसोर्स (अकुशल) पर अनुकम्पा नियुक्ति दी जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला भोपाल

पृ. क्र./स्था./अनुकम्पा/2021/ 12146 भोपाल दिनांक 07/12/2021
प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, म.प्र. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय।
2. सचिव, सह आयुक्त संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र. भोपाल।
3. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. भोपाल।
4. संचालक (प्रशासन) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र.।
5. कलेक्टर जिला भोपाल।
6. अपर संचालक, (अविज्ञप्त) संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें म.प्र.।
7. क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवायें भोपाल संभाग भोपाल।
8. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जय प्रकाश चिकित्सालय भोपाल।
9. जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन.एच.एम. स्थानीय कार्यालय।
10. लेखाशाखा स्थानीय कार्यालय।
11. कुमारी कंचन परियार,पुत्री स्व. श्री भूपेन्द्र सिंह परियार, जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर भोपाल की सूचनार्थ/पालनार्थ।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला भोपाल